कार्यालयः वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर।
Office of Conservator of Forests, Territorial Circle, Medininagar.
ईमेल / Email: cf-medininagar@gov.in
दूरभाष / Phone: 06562.224953, 8987790232

पत्रांक 608

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

मेदिनीनगर, दिनांक 7/11/2025

विषय : **मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत लातेहार वन प्रमण्डल अन्तर्गत चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग निर्माण हेतु 6.80 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव संख्या (FP/JH/RAIL/156521/2022) के सम्बन्ध में।**

प्रसंग : भवदीय का पत्रांक 573, दिनांक 07.07.2025 एवं वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल का पत्रांक 2573 दिनांक 17.10.2025 एवं पत्रांक 2711 दिनांक 07.11.2025।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के सम्बन्ध में सूचित करना है कि मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत लातेहार वन प्रमण्डल अन्तर्गत चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग निर्माण हेतु 6.80 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव संख्या (FP/JH/RAIL/156521/2022) के सन्दर्भ में भवदीय के प्रासंगिक पत्र द्वारा 09 (नव) बिन्दुओं पर की गयी पृच्छा का प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा उपलब्ध कराये गये निराकरण प्रतिवेदन को वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल ने अपने मंतव्य के साथ 07 (सात) प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराया है ।

उपलब्ध कराये गये निराकरण प्रतिवेदन को अग्रसारित करने के पूर्व संचिका के माध्यम से क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पलामू, मेदिनीनगर का अनुमोदन प्राप्त है।

अतः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल द्वार प्राप्त निराकरण / अनुपालन प्रतिवेदन पर अधोहस्ताक्षरी सहमत होते हुए निराकरण प्रतिवेदन की 05 (पाँच) प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर भवदीय को समर्पित।

अनुःयथोक्त।

आपका विश्वासी

07.11.25

वन संरक्षक
प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर।

7/11/25